# पाठ्यक्रम 2021-22

**विषय हिंदी　कक्षा नौवीं　पाठ 12 पत्र-लेखन**

## चरण - 1 से 15 अप्रैल'2021

## अपनी माता जी को वार्षिक परिणाम का विवरण देते हुए पत्र लिखें।

छात्रावास,
सरस्वती पब्लिक स्कूल,
सेक्टर - 19, करनाल।
31 मार्च, 2014

आदरणीय माता जी,
प्रणाम।

मैं यहाँ कुशलपूर्वक हूँ और आशा करती हूँ कि आप भी सकुशल होंगे। वार्षिक परीक्षाएँ समाप्त होने के बाद दस दिन के लिए हमारा एन. एस. एस. का कैंप लग गया था। कल ही कैंप खत्म हुआ और आज सुबह ही मेरा वार्षिक परीक्षा का नतीजा आ गया। आपको यह जानकर खुशी होगी कि हर बार की तरह मैं इस बार भी पूरे स्कूल में आठवीं कक्षा में प्रथम आयी हूँ। गणित, विज्ञान और संस्कृत विषयों में तो मेरे शत प्रतिशत अंक आये हैं। यह सब आपके और पिता जी के स्नेह और आशीर्वाद का फल है।

चूँकि अब मैं नौवीं कक्षा में हो गयी हूँ, मुझे नयी किताबें, कॉपियाँ इत्यादि खरीदनी हैं। मेरे मित्र मुझसे स्कूल में प्रथम आने की पार्टी भी माँग रहे हैं। अतः आप मुझे 2000/- रुपये का मनीऑर्डर भेजने का कष्ट करें।

पिता जी को प्रणाम व रिदम को ढेर सारा प्यार देना।

आपकी लाडली,
चार्वी